प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- कांग्रेस संगठन के गठन को लेकर दिल्ली में हाईकमान के साथ मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की बैठक–जिला कार्यकारिणयों और ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्तियों को लेकर होगी चर्चा।
- आईजीएमसी शिमला में इसी माह से पैट स्कैन की सुविधा होगी आरंभ–कल स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक में लिया गया निर्णय।
- हिमुडा के निदेशक मंडल की बैठक में जाठिया देवी, ज्वाला जी कालोनी, घुमारवीं कॉम्पलेक्स और हिम चंडीगढ़ परियोजनाओं कार्य आरंभ करने को मंजूरी।
- 16 फरवरी से शुरू होने वाले अंतर्राष्ट्रीय शिव रात्रि महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू, मंडी शहर के 500वें वर्ष में प्रवेश के चलते विशेष कार्यक्रम होंगे आयोजित।

सफलता की गूंज

केरल के बेयपोर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ग्लोबल रिस्पांसिबल टूरिज्म मीट में हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा के नॉट ऑन मैप–एच टू ओ हाउस को सराहना मिली है। चंबा जिला से शुरू हुए इस अनूठे प्रोजेक्ट ने वैश्विक मंच पर जिम्मेदार पर्यटन की एक नई मिसाल पेश की है। नॉट ऑन मैप के तहत प्रदेश व देश के विभिन्न स्थानों पर कार्य किया जा रहा है ये पूरी तरह से समुदाय आधारित माडल है, जिसे स्थानीय लोग और स्वयं सहायता समूह मिलकर चलाते हैं। चलो चंबा अभियान के तहत नॉट ऑन मैप–एच टू ओ हाउस की प्रतिनिधि रेनू शर्मा ने सम्मेलन में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। रेनू शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में इस प्रोजैक्ट को अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने सराहा है।

स्वास्थ्य मंत्री

आईजीएमसी शिमला में इसी माह से पैट स्कैन की सुविधा आरंभ होगी जिसके लिए कल स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है। आर के एस द्वारा तय की गई दरों के अनुसार अस्पताल में 10 हजार रूपए शुल्क के साथ पैट स्कैन और थ्री डी टैक्सला, एम आर आई की सुविधा 3 से 4 हजार रूपए में मिलेगी। इसके अलावा आर के एस की बैठक में स्पेशल वार्ड का शुल्क बढ़ाने और एक्सरे पर भी अब शुल्क लगाने की मंजूरी मिली है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने बताया कि हिमकेयर और आयुषमान मरीजों के लिए ये शुल्क कम रहेंगे और बीपीएल में शामिल मरीजों को भी रियायत दी जाएगी।

पौंग बांध

हिमाचल की जैव विविधता ने एक बार फिर विश्व का ध्यान का अपनी ओर खींचा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जैव विविधता के लिए विख्यात पौंग झील क्षेत्र में इस बार भी यूरोप और पश्चिमी एशिया से हजारों किलोमीटर का सफर तय कर लाखों परिंदे पहुंचे हैं। पौंग झील वैट लैंड क्षेत्र में प्रवासी पक्षियों की गणना के दौरान पहली बार अत्यंत दुलर्भ सॉन्ग थ्रश पक्षी की मौजूदगी दर्ज हुई है। ये प्रजाति भारतीय उप महाद्वीप में सामान्य रूप से नहीं मिलती। वन्य प्राणी विभाग के वन मंडल अधिकारी रेजीनोल रायस्टन का कहना है कि इस बार सबसे अधिक हैडिड गीज प्रजाति के पक्षी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन पक्षियों की गणना की प्रक्रिया जारी है और झील क्षेत्रों को 25 सेक्टरों में बांटकर गणना की जा रही है।

राजेश धर्माणी

शिमला के जाठिया देवी में नया शहर बसाने, ज्वाला जी में नई कालोनी और घुमारवीं में एक नया कॉम्पलेक्स बनाने को लेकर कल हिमुडा के निदेशक मंडल की बैठक में मंजूरी दे दी गई है। नगर नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जाठिया देवी टाउनशिप निर्माण को एक हजार 3 सौ 27 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई। उन्होंने बताया कि बददी के समीप हिम चंडीगढ़ के निर्माण के लिए 3 हजार 4 सौ 35 बीघा भूमि ट्रांसफर हो चुकी है और इस परियोजना को चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा।

शिवरात्रि

छोटी काशी मंडी में 16 फरवरी से शुरू होने वाले अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव को लेकर तैयारियां पूरे जोर–शोर से चल रही हैं। मंडी शहर के 500वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर इस बार महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विशेष आकर्षण रहेगा। महोत्सव में शहर के विभिन्न स्थानों पर लोक संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री

कांग्रेस में संगठन के गठन की प्रक्रिया अब तेज हो रही है जिसके लिए आज नई दिल्ली में हाई कमान के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित जिला अध्यक्षों की बैठक रखी गई है। बैठक में शामिल होने के लिए आज दोपहर बाद मुख्यमंत्री दिल्ली रवाना हो सकते हैं। जानकारी देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि आज आयोजित होने वाली बैठक में जिला कार्यकारिणयों और ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर चर्चा की जाएगी और एक महीने के भीतर ये कार्यकारिणयां गठित करने का लक्ष्य रखा गया है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से..........

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला ने लिखा है मंत्री–विधायकों का 24 प्रतिशत, निगम–बोर्ड अध्यक्षों का 5 गुना बढ़ चुका है वेतन, सलाहकारों को भी लाखों।

आर डी जी बंद होने से उत्पन्न हालात पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू ने 12 को बुलाई मंत्रिमंडल की बैठक पंजाब केसरी की एक खबर है। हिमाचल दस्तक ने लिखा है सुक्खू सरकार ने 12 फरवरी को फिर बुलाई केबिनेट की बैठक।

मौसम की खबर को दैनिक भास्कर ने शीर्षक दिया है मौसम में बदलाव, बादलों ने डाला डेरा, आज बर्फबारी–बारिश बनकर बरसेंगे। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं पश्चिमी विक्षोभ फिर सक्रिय, आज बारिश और बर्फबारी की संभावना।

''अंत में मुख्य समाचार'' एक बार फिर

- कांग्रेस संगठन के गठन को लेकर दिल्ली में हाईकमान के साथ मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की बैठक–जिला कार्यकारिणयों और ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्तियों को लेकर होगी चर्चा।
- आईजीएमसी शिमला में इसी माह से पैट स्कैन की सुविधा होगी आरंभ–कल स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक में लिया गया निर्णय।
- हिमुडा के निदेशक मंडल की बैठक में जाठिया देवी, ज्वाला जी कालोनी, घुमारवीं कॉम्पलेक्स और हिम चंडीगढ़ परियोजनाओं कार्य आरंभ करने को मंजूरी।
- 16 फरवरी से शुरू होने वाले अंतर्राष्ट्रीय शिव रात्रि महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू, मंडी शहर के 500वें वर्ष में प्रवेश के चलते विशेष कार्यक्रम होंगे आयोजित।